ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल (सोनीपत)

वार्षिक प्रतिवेदन

2024–2025

प्रस्तुति

डॉ० सीमा ठाकरान

प्राचार्या (कार्यवाहक)

ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल (सोनीपत)

महाविद्यालय इतिहास

ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल की स्थापना की स्वीकृति 23 जून, 2003 को तात्कालिक मुख्यमंत्री श्री ओमप्रकाश चौटाला जी के करकमलों द्वारा प्रदान की गई।

मुरथल शब्द का उद्‌गम "मुनि स्थल" से हुआ है। जिसका अर्थ है – मुनियों का स्थल। यहाँ पर भगवान शिव, हनुमान एवं काली माँ के मंदिर हैं।

ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल का ध्येय वाक्य "विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्" है। महाविद्यालय में कला संकाय के अन्तर्गत स्नातक (पास कोर्स), स्नातक (भूगोल आनर्स) एवं स्नातकोत्तर (अंग्रेजी) पाठ्यक्रम उपलब्ध है। वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत स्नातक (पास कोर्स) एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध है। विज्ञान संकाय के अन्तर्गत स्नातक (नॉम मोडिकल) एवं स्नातकोत्तर (भूगोल) पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

संकाय अनुसार छात्रा संख्या

इस महाविद्यालय में सत्र 2024–25 में 857 छात्राओं ने प्रवेश लिया। स्नातक में 649 एंव स्नातकोत्तर में 208 छात्राएँ शिक्षा प्राप्त कर रहीं हैं।

महाविद्यालय परिवार

महाविद्यालय में एक प्राचार्या, 34 एसोसिएट/अस्सिटेंट प्रौफैसर, एक उप–अधीक्षक, एक सहायक, एक लिपिक, दो प्रयोगशाला परिचर, एक पुस्तकालय परिचर, दो सुख सहायक, दो माली व एक सफाई कर्मचारी स्थाई रूप से कार्यरत है। दो एक्सटेंशन लेक्चरर, एक कम्प्यूटर लैब प्रयोगशाला परिचर तथा भाषा प्रयोगशाला के लिए एक प्रशिक्षक, एक स्टैनो–टाईपिस्ट, एक रेस्टोरर एवं एक चौकीदार अनुबन्ध पर कार्यरत हैं।

भवन निर्माण

प्रगतिशील शिक्षा समिति मुरथल की देख–रेख में महाविद्यालय के दो मंज़िला भवन का भव्य निर्माण करवाया गया। इस भवन में प्राचार्या कक्ष, स्टॉफ कक्ष, कार्यालय, सेमिनार हाल, शिक्षण कक्ष, महिला सैल कक्ष, जिम, पुस्तकालय, वाचनालय कक्ष, ऐजूसैट कक्ष, दो कम्प्यूटर प्रयोगशाला, एक भाषा प्रयोगशाला, तीन भूगोल प्रयोगशाला, एक मनोविज्ञान प्रयोगशाला, दो स्मार्ट कक्षा कक्ष एवं छात्राओं हेतु कॉमन कक्ष सहित कुल 24 कमरे हैं एवं हरियाणा सरकार

द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय विज्ञान भवन का निर्माण करवाया गया जिसमें 8 प्रयोगशालाएँ, 2 स्मार्ट कक्षा कक्ष व शिक्षण कक्ष उपलब्ध हैं।

छात्राओं को आर्थिक सहायता के लिए छात्रवृत्ति एवं योजना

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार एवं भारत सरकार द्वारा समय–समय पर छात्राओं को निम्नलिखित छात्रवृत्ति/योजना के अन्तर्गत सहायता प्रदान की जाती है।

छात्रवृत्ति/ योजना का नाम
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति – बीसी
समेकित वजीफा योजना – अनुसूचित जाति
स्वतंत्रता सेनानियों के पोते–पोतियों के लिए समेकित वजीफा योजना
अंडर ग्रेजुएट लड़कियों के लिए स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप
हरियाणा राज्य सराहनीय प्रोत्साहन योजना
यूजी/पीजी छात्रों को स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप
महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना
पढ़ो और कमाओ

महाविद्यालय रजिस्ट्रार

महाविद्यालय की परीक्षाओं और अन्य विश्वविद्यालय सम्बन्धित सभी कार्यों हेतु रजिस्ट्रार, डा० संजीव कुमार, सहायक प्रोफैसर (संस्कृत) हैं। सत्र 2024–2025 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं का परिणाम उत्तम रहा है।

खेलकूद

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है, इसलिए महाविद्यालय की छात्राओं हेतु वर्ष भर मैं विभिन्न खेल गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । महाविद्यालय में खेलकूद प्रभारी श्री रोहित कुमार, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग है। महाविद्यालय की छात्राओं ने जिला, विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रदर्शन किया-

- दिनांक 28 जनवरी 2025 को महाविद्यालय में 21वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ सौ छात्राओं ने 12 विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में वर्षा कौशिक, स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा, को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा गया।
- इसके अलावा, महाविद्यालय की स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी आरती सरोहा ने 58 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि ने सभी को गर्व और खुशी से भर दिया।

महत्वपूर्ण दिवस आयोजन

महत्वपूर्ण दिवस की प्रभारी श्रीमती संगीता, सहायक प्रोफैसर (भूगोल विभाग) हैं। एतदर्थ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया –

- दिनांक 6/8/2024 को तीज पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें झूला झूलना मेहंदी लगाना के साथ नाच गाने जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल किया गया। यह आयोजन महिला समिति और सांस्कृतिक समिति के सहयोग के द्वारा किया गया।
- दिनांक 11/ 8/ 2024 से 15/8 /2024 तक "हर घर तिरंगा अभियान" चलाया गया, जिसके अंतर्गत ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय के परिसर से एक तिरंगा यात्रा निकाली गई,इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों, बहादुर परिवारों और स्थानीय नेताओं को आमंत्रित किया गया तथा तिरंगा शपथ समारोह का आयोजन किया गया और इसके साथ ही महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य गणों के साथ सभी छात्रों को www.harghartiranga.com तिरंगा सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह अभियान महाविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना की सहयोग के साथ चलाया गया।
- दिनांक 15/8/2024 को महाविद्यालय परिवार की मुखिया डॉक्टर सीमा ठाकरान द्वारा ध्वजारोहण किया गया।
- दिनांक 10.9.2024 को "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर विकास मलिक,सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभाग के द्वारा छात्राओं को विशिष्ट व्याख्यान दिया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से संपन्न हुआ।
- दिनांक 24/1/2025 को "राष्ट्रीय मतदाता दिवस"का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डॉक्टर सीमा ठाकरान की अध्यक्षता में मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।इस दिवस की थीम "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम" रही।
- दिनांक 25/1/2025 व 26/1/2025 को "राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस"का आयोजन किया गया,जिसमें देशभक्ति पूर्ण गीत, भजन,कविता एवं भाषण के माध्यम से छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉक्टर सीमा ठाकरान द्वारा तिरंगा फहराया गया।

- दिनांक 22/04/2025 को प्राचार्या डॉ सीमा ठाकरान की अध्यक्षता में "पृथ्वी दिवस" का आयोजन किया गया जिसकी थीम "यह हमारी शक्ति है, यह हमारा ग्रह है" रही। यह गतिविधि महत्वपूर्ण दिवस समिति द्वारा भूगोल विभाग की सहायता से की गई।

विकसित भारत अभियान

विकसित भारत अभियान की प्रभारी श्रीमती संगीता, सहायक प्रोफैसर (भूगोल विभाग) हैं। एतदर्थ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया –

- विकसित भारत युवा फेस्टिवल-2025" के तहत महाविद्यालय की छात्रा सिमरन, कक्षा बी ए तृतीय वर्ष ने जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगता में भाग लिया और 560 में से 108 विजेताओं की सूची में शामिल हुई। अगले चरण में शामिल होने के लिए S .D कॉलेज पानीपत में राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लिया।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ ज्योति राज, प्रोफैसर (अंग्रेजी विभाग) हैं। इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत गतिविधियों का आयोजन किया गया –

- दिनाँक 07 अक्तूबर 2024 से 11 अक्तूबर 2024 तक संचार कौशल पर कार्यशाला आयोजित की गई ।
- दिनाँक 21 फ़रवरी 2025 को अभिभावक- शिक्षक बैठक आयोजित की गई।
- दिनांक 05 मार्च 2025 को लेखन पठन पाठन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- दिनाँक 11 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की विद्यार्थियों के लिए मॉक साक्षात्कार संबंधी मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मेंटोरशिप ग्रुप

डॉ ज्योति राज, प्रोफैसर (अंग्रेजी विभाग) महाविद्यालय की सीनियर मेंटोर है एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण भी एक–एक ग्रुप के मेंटोर हैं। इसका उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्राओं के संबधों को मज़बूत बनाना एवं छात्राओं की क्षमताओं को उजागर करना हैं। मेंटोर छात्राओं की व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक समस्याओं का समाधान करते हैं एवं उनके सतत् सम्पर्क में रहते हैं।

सूचना का अधिकार एक्ट, 2005

सूचना का अधिकार एक्ट, 2005 हेतु महाविद्यालय में डॉ सीमा ठाकरान, प्राचार्या, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी है एवं डॉ ज्योति राज, वरिष्ठ प्रोफैसर, अंग्रेजी विभाग राज्य जन सूचना अधिकारी है। सूचना का अधिकार से सम्बन्धित सूचना लेने वालों को सूचनाऐं समय पर उपलब्ध कराई जाती है।

महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी **डॉ गीता रानी, सहायक प्रोफैसर (वाणिज्य विभाग)** हैं। इस प्रकोष्ठ द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया –

- दिनांक 20.01.2025 से 30.01.2025 तक योग कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं बढ़चढ़ कर भाग लिया।
- दिनांक 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कानूनी प्रकोष्ठ (नलसा) के द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

सांस्कृतिक गतिविधियॉ :–

सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डा० प्रियंका, सहायक प्रोफैसर (अर्थशास्त्र विभाग) हैं। एतदर्थ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया –

- 21-8-2024 को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 22, 23 & 24 अक्टूबर, 2024 को Unifest 2024-25 का आयोजन ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा किया गया।इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए 10 प्रथम, 5 द्वितीय और 5 तृतीय पुरस्कार बटोरे। महाविद्यालय को ओवर ऑल रनर अप ट्रॉफी मिली।
- बी.ए द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण ने 38th AIU Inter-University National Youth Festival 2024-25 मे द्वितीय और 38th AIU Inter-University North West Zone Youth Festival 2024-25 मे तृतीय स्थान दिया गया।
- 1-2-2025 को महाविद्यालय मे सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजलि का आयोजन किया गया जिसमे छत्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

सड़क सुरक्षा अभियान

सड़क सुरक्षा अभियान के प्रभारी डा० सुनील कुमार पंवार है। इस अभियान के अर्न्तगत इस महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। एक दिवसीय जागरूकता रैली निकाली गई इसके अतिरिक्त प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रैड रिबन क्लब/युवा रैड क्रॉस/रैड क्रॉस सोसायटी

रैड रिबन क्लब/रैड क्रॉस सोसायटी की काऊंसलर **श्रीमती रश्मि देवी, सहायक प्रोफैसर (अंग्रेजी विभाग)** हैं। इस क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया –

नशा विरोधी अभियान (12 अगस्त 2024) - हमारे कॉलेज की YRC इकाई द्वारा "विकसित भारत का मंत्र - भारत हो नशे से स्वतंत्र" विषय पर एक नशा विरोधी अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:

i) सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ ली।

ii) छात्राओं द्वारा एक मानव श्रृंखला बनाकर नशा विरोध का संदेश दिया गया।

iii) छात्राओं में जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कुल प्रतिभागी: 40

परिणाम:

प्रथम – एकता, B.A. द्वितीय , रोल नं. 23544003

द्वितीय – मुस्कान, M.A. द्वितीय, रोल नं. 2232217031

द्वितीय – आशु, B.A. प्रथम, रोल नं. 1240171012

तृतीय – गुरुप्यारी, B.A. तृतीय, रोल नं. 1221431002102

तृतीय – ललिता, B.Com प्रथम, रोल नं. 1240183002

पूर्व छात्रा मिलन समारोह

पूर्व छात्रा मिलन समारोह की प्रभारी श्रीमती अंकित, सहायक प्रोफैसर भूगोल विभाग हैं। दिनांक 24 फरवरी 2025 को महाविद्यालय में पूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया इसमें 40 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस समारोह में पूर्व छात्राओं ने कैरियर संबंधी अनुभवों को अन्य छात्राओं के साथ सांझा किया और उनका मार्गदर्शन किया।

प्लेसमैन्ट सैल

प्लेसमैन्ट सैल के प्रभारी **डॉ संदीप दहिया, सहायक प्रोफैसर (भूगोल विभाग)** हैं। इस प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 20.2.25 को महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार ने स्नातक के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर व्याख्यान दिया।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ सुशीला सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग है । इस प्रकोष्ठ द्वारा: -

- दिनांक 21 फ़रवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में क़ानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ और हिन्दी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें क्रमश 47, 16, और 22 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कानूनी प्रकोष्ठ (नलसा) के द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 18 अप्रैल 2025 को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमें क्रमश 17, 17 और 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 24 जुलाई 2024 को विद्यार्थियों ने डिवीजन लेवल पर होने वाले कानूनी साक्षरता कार्यक्रमों में भाग लिया। यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय सांपला (रोहतक) के द्वारा आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया और आरती, सिमरन और खुशी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करके राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता दर्ज की।

बर्सर

श्रीमती सरिता, सहायक प्रोफैसर (गणित विभाग) इस महाविद्यालय की बर्सर हैं, जो इस कर्त्तव्य को निष्ठापूर्वक निभा रही हैं।

राष्ट्रीय कैड़ेट कोर (NCC)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर की एक इकाई कार्यरत है, जिसकी केयर टेकर ऑफिसर, **श्रीमती ज्योति, सहायक प्रोफैसर (भूगोल विभाग)** हैं। राष्ट्रीय कैडेट कोर का उद्देश्य छात्राओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में आयोजित गतिविधियॉ व उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं -

- महाविद्यालय में 50 NCC कैडेट्स हैं जो विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के द्वारा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रयासरत हैं।
- दिनांक 12 अगस्त 2024 को NCC कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधित पोस्टर बनाए गए और मुरथल गाँव में जागरूकता को लेकर रैली निकाली गई और लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुए उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा मतदान करने के लिए जागरूक किया ।
- दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को नशा मुक्ति पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने नशे के दुष्प्रभाव को समझाते हुए इससे छुटकारा पाने का संदेश दिया।
- दिनांक 19 नवंबर 2024 को NCC कैडेट्स द्वारा नशा मुक्ति और ड्रग अवेयरनेस से संबंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । इस नुक्कड़ नाटक के द्वारा कैडेट्स ने बहुत ही प्रभावी तरीक़े से ही नशे के दुष्परिणामों के कारण समाज पर पड़ने वाले असर को समझाया।
- दिनांक 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को प्रस्तुत किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रवाद की भावना को व्यक्त करते हुए युवाओं को जागरूक रहने का संदेश दिया ।
- दिनांक 8 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें NCC कैडेट्स ने अलग अलग पोस्टर्स के द्वारा महिला सशक्तिकरण को दर्शाया गया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई कार्यरत है जिसकी **कार्यक्रम अधिकारी,** श्रीमती मीनू, सहायक प्रोफैसर (इतिहास विभाग) हैं। एन॰एस॰एस॰ का उद्देश्य छात्राओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में आयोजित गतिविधियॉ व उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं –

- मतदाता जागरकता रैली का आयोजन 13/08/2024 को किया गया।
- हर घर तिरंगा का आयोजन 11 से 16 अगस्त 2024 के बीच किया गया।
- एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत 16/08/2024 को वृक्षारोपण किया गया।
- लीगल एंड हैल्थ एवं अवेयरनेस प्रोग्राम 17/08/2024 का आयोजन हुआ।

- साइबर सिक्योरिटी का विस्तृत व्याख्यान का आयोजन 9/09/2024 को किया गया।
- सूइसाइड प्रिवेंशन पर विस्तृत व्याख्यान 10/09/24 का आयोजन किया गया।
- नेशनल डिवार्मिंग डे 18/09/2024 का आयोजन किया गया।
- 24/09/2024 का राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया।
- छात्राओं के लिए न्यूट्रिशन कैम्प का आयोजन 30/09/24 को किया गया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के अंतर्गत 1/10/24 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
- मेरा भारत आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन 25/10/25 को किया गया।
- कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन 11/11/24 को किया।
- नेशनल यूथ कार्यक्रम का आयोजन 11/01/25 को किया गया।
- मतदाता दिवस पर छात्राओं को 24/01/25 को मतदाता शपथ दिलाई गई।
- द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन 25/01/25 को को किया गया।
- सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 7 मार्च से 13 मार्च 2025 के बीच किया गया।
- रक्तदान शिविर का आयोजन मां रक्तवाहिनी संस्था के संयुक्त संयोजन से रक्तदान शिविर 16/03/25 को महाविद्यालय में किया गया
- तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन 24/03/25 को किया गया।

सर्वोत्तम प्रथाएँ

महाविद्यालय में स्टॉफ एवं छात्राओं द्वारा अनेक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया गया जिसके अन्तर्गत :–

- प्रथम प्रथा- 1. प्रथा का शीर्षक: पर्यावरण-अनुकूल परिसर 2. प्रथा का उद्देश्य: कार्बन पदचिह्न, प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों को कम करना। 3. संदर्भ: कॉलेज सुनिश्चित करता है- क) कागज और प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग। ख) पानी और बिजली का संरक्षण। ग) वृक्षारोपण।
- दूसरी प्रथा- 1. प्रथा का शीर्षक- जागरूक छात्र जागरूक समाज 2. प्रथा का उद्देश्य- एक प्रबुद्ध और जागरूक समाज का निर्माण। 3. संदर्भ- कॉलेज के छात्र स्थानीय समुदाय को कई मुद्दों से अवगत कराते हैं- क) पराली जलाने के प्रभाव। ख) अधिक वायु शुद्ध करने वाले पौधे लगाना। ग) स्वास्थ्य, स्वच्छता और फिटनेस को बढ़ावा देना। घ) नशीली दवाओं को 'नहीं' कहना।

पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय का कार्य श्रीमती अनु, सहायक प्रोफैसर (वाणिज्य विभाग) की देखरेख में किया जाता है। पुस्तकालय में कुल पुस्तकें 17907 हैं। पुस्तकालय में 7 दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं 10 पत्रिकाएं मंगवाऐं जाते हैं। पुस्तकालय में छात्राओं हेतु वाचनालय कक्ष भी सुव्यवस्थित है। इसकी देखरेख के लिए श्रीमती ललिता, रैस्टोरर अनुबन्ध आधार पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय पुस्तकालय में ऑनलाईन ई–लाईब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अन्तर्गत मानव संसाधन विकास विभाग की INFLIBNET ऑनलाईन लाईब्रेरी की सदस्यता महाविद्यालय पुस्तकालय में ली गई है।

महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियॉ

- दिनांक 22 से 24 अक्तूबर 2024 तक महाविद्यालय में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर के सास्कृति कार्यक्रम यूनीफेस्ट 2024 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 18.01.2025 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें से राज्य से लगभग 500 शोधकर्त्ताओं ने अपने–अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।
- दिनांक 08.02.2025 को महाविद्यालय में अन्तर कक्षा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें रसायन, भौतिक, कम्पयूटर, भूगोल, मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 19.04.2025 को महाविद्यालय में तृतीय दीक्षांत समारोह एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 178 छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई एवं 126 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- महाविद्यालय में कार्यरत डा० संदीप दहिया, डा० कनिका एवं डा० रोहित कुमार ने पी०एच०डी० की उपाधि प्राप्त की।
- महाविद्यालय में गणित विषय की नई प्रयोगशाला स्थापित की गई।
- महाविद्यालय में भूगोल विषय की जी०आई०एस० प्रयोगशाला स्थापित की गई।
- महाविद्यालय में वीटा बूथ स्थापित करवाया गया।

विभागीय गतिविधियॉ

हमारे महाविद्यालय में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन वर्षभर चलता रहता है। महाविद्यालय के शिक्षक

विभिन्न गतिविधियों में छात्राओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत रहते हैं।

गणित विभाग

गणित विभाग की अध्यक्षा डा० सरिता बांगा है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

1. गणित विभाग द्वारा दिनांक 14.10.2024 को पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन एवं बेसिक फार्मूला लेखन छात्र प्रस्तुतीकरण विषय 'वास्तविक जीवन में गणित की उपयोगिता' प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें बीए एवं बीएससी की 48 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें :–
   - पोस्टर मेकिंग में साक्षी बीए तृतीय ने प्रथम, उपासना बीए तृतीय ने द्वितीय तथा संयुक्त रूप से सीखा बीएससी तृतीय एवं मानसी बीएससी द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
   - निबंध लेखन में उपासना बीए तृतीय, कविता बीए प्रथम, कोमल बीएससी तृतीय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
   - बेसिक फार्मूला लेखन प्रतियोगिता में निशु बीएससी तृतीय ने प्रथम, रक्षिता बीए तृतीय ने द्वितीय एवं रचना बीएससी तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
   - 'वास्तविक जीवन में गणित की उपयोगिता' विषय में शिवानी बीएससी तृतीय ने प्रथम एवं कुमकुम बीएससी प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
2. गणित विभाग द्वारा दिनांक 21.03.2025 को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान करवाया गया जिसमें हर्षा गोयल एवं विनीत शर्मा प्रोफेसर हिंदू कॉलेज ने 'छात्राओं का आंतरिक विकास किस प्रकार किया जाए' पर अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें 69 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।
3. गणित विभाग द्वारा 09.04.2025 को स्लोगन लेखन, पोस्टर लेखन एवं स्टूडेंट सेमिनार का आयोजन 'गणित की उपयोगिता' विषय पर किया गया जिसमें 39 छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें :–
   - स्लोगन लेखन में अनीशा बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम, तनु रानी बीए तृतीय ने द्वितीय एवं रक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
   - स्टूडेंट प्रेजेंटेशन में निशु बीएससी तृतीय ने प्रथम, राशिमा बीएससी तृतीय ने द्वितीय एवं कोमल बीएससी तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
   - पोस्टर मेकिंग में उपासना बीए तृतीय ने प्रथम, साक्षी बीए तृतीय एवं शिखा बीएससी तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग की अध्यक्षा डा० पूनम देवी है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 13 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया भाग लिया।
- दिनांक 21 फ़रवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में क़ानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ और हिन्दी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें क्रमश 47, 16, और 22 छात्राओं ने भाग लिया।

अर्थशास्त्र विभाग

अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डा० प्रिंयका है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- 21-3-2025 को अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 21-3-2025 को पत्र वाचन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

भूगोल विभाग

भूगोल विभाग के अध्यक्ष डा० संदीप दहिया है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- दिनांक 8.2.25 को विभाग स्तर पर अंतर कक्षा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल के विद्यार्थियों द्वारा पांच मॉडल बनाए गए।

इतिहास विभाग

इतिहास विभाग की अध्यक्षा डा० सीमा ठाकरान है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- दिनांक 1/03/2025 को छात्राओं को इतिहास, राजनीतिक विभाग के संयुक्त संयोजन से दिल्ली के ऐतिहासिक स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया।
- दिनांक 2/03/2025 को इतिहास विभाग द्वारा पत्र वाचन प्रतियोगिता में, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें टीम सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एवं टीम वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक पत्र वाचन प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मानसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में किरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साक्षी ने तृतीया स्थान प्राप्त किया।

वाणिज्य विभाग

वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डा० सुशीला है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- दिनांक 6 फरवरी 2025 को छात्राओं को धीरूभाई अंबानी पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। यह फिल्म उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने और जोखिम उठाने की प्रेरणा देती है इसमें 59 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।
- दिनांक 6 फरवरी 2025 को चार्टर्ड अकाउंटेंट श्रीमती बिनु त्यागी के द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें 59 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।
- दिनांक 19 फरवरी 2025 को श्री जतिंदर पॉल सिंह वाइस प्रेसिडेंट एक्सिस बैंक के द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।
- दिनांक 19 फरवरी 2025 को वाणिज्य विभाग के द्वारा IPR पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डा वंदना नासा राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत मुख्य वक्ता रही। इसमें 74 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 21 मार्च 2025 को निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें कृषा फाउंडेशन की तरफ से श्रीमती निशा खुराना मुख्य वक्ता रही।इसमें 59 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

राजनीतिक विज्ञान विभाग

राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री धर्मवीर है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- दिनांक- 26 नवंबर 2024 हरियाणा सरकार के कार्यक्रम संविधान संवाद को लेकर "मेरा संविधान मेरा अभिमान" के उपलक्ष में भारतीय संविधान की प्रस्तावना को छात्रों को अवगत करवाया गया ,जिसमें कॉलेज की छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया ।सरकार द्वारा चलाए गए संविधान संवाद की शुरुआत पर राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ धर्मवीर ने लोकतंत्र के नैतिक और कानूनी मूल्य की जानकारी दी जोकी एकजुट और अखण्डता में बंधा हुआ है ।
- 2 सितंबर को 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत' आधुनिक शिक्षा साधनों का कैसे उपयोग किया जाए? विषय पर कक्षा BA की छात्राओं को व्याख्यान में Media के साथ साथ E-content की भी जानकारी दी गई।
- दिनांक 1 मार्च 2024 शिक्षा के साथ-साथ छात्रों का मानसिक विकास करने के लिए राजनीतिक विज्ञान विभाग की तरफ से एक शैक्षिक भ्रमण दिल्ली : राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, राजघाट ले जाया गया।छात्रों को खुश देखकर शिक्षा का उद्देश्य पूरा होता नजर आया।

कम्पयूटर विज्ञान विभाग

कम्पयूटर विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री अमित कुमार कौशिक है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28/02/25 को पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जिसका विषय था "साइबर अपराध को रोकने में एआई की भूमिका" जिसमें 50 से अधिक छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया। निबंध लेखन में सीमा (PGDCA-सेम-II, 2244134007) ने प्रथम, वैशाली (PGDCA-II सेम, 2244134010) ने द्वितीय और कशिश (Bsc-I.1242893015) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर लेखन में, मन्नू BA-I, 1240171011 ने प्रथम, देवी (BSc-I, 1242893003) ने द्वितीय जबकि कुमकुम (BSc-I.1242893002) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वैशाली (पीजीडीसीए-सेम-II, 2244134010) ने दूसरा और दीपा (बीए-I,1240171093) ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- बीएससी-II सेम की छात्रा कुमकुम (1242893002) और देवी (1242893003) ने 13/02/25 को पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित डीएचई प्रायोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया और "वायरलेस सेंसर नेटवर्क और क्लाउड कंप्यूटिंग आधारित" कंप्यूटर विज्ञान परियोजना का प्रदर्शन किया।

भौतिक विज्ञान विभाग

भौतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्षा श्रीमती सुमन लता है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 30/09/2024 को किया गया जिसमें B.Sc-III की shiwani ने प्रथम, B.Sc-II की kiran ने द्वितीय स्थान और B.Sc-III की रचना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 01/10/2024 को Physics Quiz का आयोजन किया गया जिसमें B.Sc-III की Ravita & Riya ने प्रथम, B.Sc-I की santosh & sania ने द्वितीय और B.Sc-II की Ritika & Ritika ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- 01/10/2024 को सलोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें B.Sc-I की kumkum ने प्रथम, B.Sc-I की Devi ने द्वितीय और B.Sc-III की Ashan ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- 08/02/2025 को College Level विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें B.Sc-III की Reetu & Riya ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 13-2-2025 को पंडित एनआरएस राजकीय महाविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया

अंग्रेजी विभाग

अंग्रेजी विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डा० ज्योति राज है। इस विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करवाया गया –

- प्रभावी संचार कौशल विषय पर 09 अक्तूबर 2024 को एक पत्र वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 29 जनवरी 2025 को कविता पाठ का आयोजन किया गया।
- AI विषय पर 25 फ़रवरी 2025 को निबंध लेखन के लिये पूर्व लिखित एंट्रीज ली गई।
- 03 अप्रैल 2025 को सिलेबस पर आधारित फ़िल्म द नेमसेक एमए अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों के लिए स्क्रीन की गई।

व्यक्तिगत उपलब्धियॉ

डा० सीमा ठाकरान, प्राचार्या

- 11/07/2024 को महाविद्यालय की आहरण एवं संवितरण अधिकारी नियुक्त।
- 29/07/24 से 07/08/24 तक इग्नू-MMTC द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत NEP 2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम को पूर्ण किया।
- 18/01/25 को TDL GCW, मुरथल में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी "NEP-2020: प्रासंगिकता, अवसर और चुनौतियाँ" की Patron रहीं।
- 18/01/25 को TDL GCW, मुरथल में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "NEP-2020" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- 31/01/25 से 01/02/25 तक राजकीय महाविद्यालय, खरखड़ा, रेवाड़ी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
- 24-25 फरवरी, 2025 को शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, करनाल में आयोजित दो दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- 27/03/25 को छोटू राम आर्य कॉलेज, सोनीपत में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- 29/03/25 को टीका राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सोनीपत में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- पॉच पी॰एच॰डी॰ रिसर्च स्कॉलर का Viva-Voce लिया।
- हिन्दू महाविद्यालय, सोनीपत की सभाओं में डी॰एच॰ई॰ नॉमिनी रहीं।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में UG & PG BOS History की सदस्या।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में कार्यकारी परिषद की सदस्या।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में अकादमिक परिषद की सदस्या।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में शारीरिक शिक्षा संकाय की सदस्या।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में कानून संकाय की सदस्या।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में कला और भाषा संकाय की सदस्या।
- भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत) में आयुवैदिक संकाय की सदस्या।
- ग्राम संरक्षक मुरथल।

<u>प्रो॰ डा॰ ज्योति राज, प्रोफैसर (अंग्रेजी)</u>

- CAS के माध्यम से उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के सौजन्य से प्रोफेसर के पद पर प्रोमोशन।
- दिनाँक 04 अगस्त 2024 को गेटवे संस्था सोनीपत में अभिव्यक्ति 4.0 कार्यक्रम में बतौर निर्णायक आमंत्रित किया गया।
